No.1/9/99-Estt.(Pay.I)
Government of India
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions
(Department of Personnel and Training)

....

New Delhi, the 6th Sept. 2000

.....

## OFFICE MEMORANDUM

Subject: Fixation of pay of Principal Private Secretaries of Central Secretariat Stenographers Service promoted to the post of Senior Principal Private Secretary.

.....

The undersigned is directed to say that on the recommendation of 5th Central Pay Commission, 58 posts of PPS of CSSS were upgraded to the level of Senior PPS in the pay scale of Rs.12000-16500 w.e.f. 25th January, 1999. The question as to how the pay of PPS of CSSS should be fixed on their promotion to the post of Senior PPS has been considered in consultation with the Ministry of Finance and the President is pleased to decide that in case of promotion of Principal Private Secretary of CSSS to the post of Senior Principal Private Secretary, a minimum increase in basic pay of Rs.650/- p.m may be granted. While applying the above principle, the following method may be adopted.

2. The pay shall be fixed at the higher of the two amounts indicated below:

*(i)* *The minimum of the time scale of the Senior PPS of CSSS; and*

*(ii)* *The stage in the time scale of the Senior PPS of CSSS equal to the pay of officer in grade of PPS of CSSS plus Rs.650/- p.m or if there is no such stage, at the next higher stage.*

3. It has also been decided that in case of officers officiating in grade of Sr.PPS of CSSS on an enhancement of their substantive pay in the grade of PPS of CSSS as a result of increment or otherwise, the officiating pay of officers in the grade of Sr.PPS shall be re-fixed in accordance with the above provisions if such a re-fixation is to their advantage.

4. These orders shall apply to all cases of promotions of PPS of CSSS to the grade of Sr.PPS made on or after 25th January, 1999.

(CHANDER PRAKASH)
Under Secretary to the Government of India

To
All Ministries/Departments(As per standard list)

No.1/9/99-Estt.(Pay.I)

New Delhi, 6th Sept. 2000

Copies also forwarded to:

1. The Comptroller & Auditor General of India
2. Registrar General, Supreme Court of India
3. Secretaries to Union Public Service Commission/Election Commission/Lok Sabha Secretariat/Rajya Sabha Secretariat/Cabinet Secretariat/Central Vigilance Commission/ President's Secretariat/ Vice President's Secretariat / Prime Minister's Office/ Planning Commission
4. Controller General of Accounts/ Controller of Accounts, Ministry of Finance
5. Department of Personnel and Training (AIS Division)/JCA/Admn.Section
6. Additional Secretary (Home), Ministry of Home Affairs
7. Joint Secretary (Union Territories), Ministry of Home Affairs/ All State Governments and Union Territories.
8. Secretary, National Council (Staff Side), 13-C, Feroz Shah Road, New Delhi/ All Members of the Staff Side of the National Council (JCM) / Departmental Council.
9. All Officers/Sections of the Department of Personnel and Training/Department of Administrative Reforms & Public Grievances/Department of Pension & Pensioners' Welfare
10. Joint Secretary (Pers), Ministry of Finance, Department of Expenditure
11. 300 Spare sets.

Prakash

**( CHANDER PRAKASH )**
Under Secretary to the Government of India

संख्या 1/9/99-स्थापना (वेतन-।)

भारत-सरकार

कार्मिक, लोक-शिकायत तथा पेंशन-मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण-विभाग)

------

नई दिल्ली, 6 सितम्बर, 2000

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय : केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव के पद पर पदोन्नत हुए प्रधान निजी सचिवों का वेतन निर्धारण ।**

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि पाँचवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफ़ारिशों पर, केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के प्रधान निजी सचिवों के 58 पदों को 25 जनवरी, 1999 से 12000-16500 रूपए के वेतनमान में वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव के स्तर तक स्तरोन्नत किया गया था । इस प्रश्न पर कि केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के प्रधान निजी सचिव के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव के पद पर पदोन्नत होने पर उसके वेतन को किस प्रकार नियत किया जाए, वित्त मंत्रालय के परामर्श से विचार किया गया है तथा राष्ट्रपति ने यह तय किया है कि केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के प्रधान निजी सचिव से वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव के पद पर पदोन्नति के मामले में उसके मूल वेतन में 650 रूपए प्रति माह की न्यूनतम बढ़ोतरी प्रदान की जाए । उपर्युक्त सिद्धांत का प्रयोग करते समय निम्नलिखित तरीका अपनाया जाए ।

2. अधिकारी का वेतन, नीचे दर्शाई जा रही दो धनराशियों में से उच्चतर धनराशि के स्तर पर निर्धारित किया जाए:-

1) केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव के समय वेतनमान के न्यूनतम पर ; और

2) केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव के समय वेतनमान में उस स्तर पर जो केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के प्रधान निजी सचिव के ग्रेड में अधिकारी के वेतन में 650 रूपए जोड़ देने पर आगे आने वाली धनराशि के बराबर हो अथवा उपर्युक्त समय वेतनमान में यदि ऐसा कोई स्तर नहीं हो तो उससे ठीक अगले उच्चतर स्तर पर ।

3. यह भी तय किया गया है कि यदि केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव के ग्रेड में स्थानापन्न रूप से कार्य कर रहे अधिकारियों के मामले में केन्द्रीय

सचिवालय आशुलिपिक सेवा के प्रधान निजी सचिव के ग्रेड में उनके मूल वेतन में वेतन वृद्धि के परिणामस्वरूप अथवा अन्यथा बढ़ोतरी होने पर ऐसा पुनर्निर्धारण उनके लिए लाभप्रद हो तो वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव के ग्रेड में उनका स्थानापन्न वेतन उपर्युक्त प्रावधानों के अनुसार पुनः निर्धारित किया जाए ।

4. ये आदेश केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के प्रधान निजी सचिव की वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव के ग्रेड में 25 जनवरी, 1999 को अथवा उसके बाद की पदोन्नति के सभी मामलों में लागू होंगे ।

(चन्द्र प्रकाश)
भारत सरकार के अवर सचिव

सेवा में,

सभी मंत्रालय/विभाग ।
(मानक सूची के अनुसार)